प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 03.09.2023 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयी-

1-लड़की का पीछा कर छेडछाड़ करने व गाली- गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार,थाना सोनकपुरः-

अवगत कराना है दिनांक 02.09.2023 को वादी निवासी थाना सोनकपुर क्षेत्रांतर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादी की पुत्री का रास्ते में पीछा करने,छेडछाड व गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने के संबंध में थाना सोनकपुर पर तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना सोनकपुर पर मु0अ0सं0-60/23 धारा-354/354D/504/506 भादवि व 7/8 पास्को एक्ट पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त आज दिनांक 03.09.2023 को उ0नि0 श्री राकेश यादव थाना सोनकपुर द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी विक्रम पुत्र जबर सिंह निवासी ग्राम रम्पुरा धतरारा थाना सोकनपुर,मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।

2-अवैध 20 लीटर कच्ची शराब तथा शराब बनाने के उपकरणों सहित 02 आरोपी गिरफ्तार,थाना डिलारीः-

अवगत कराना है आज दिनांक 03-09-2023 को उ0नि0 श्री सौरभ यादव थाना डिलारी द्वारा मय हमराही पुलिसबल के अभियुक्तगण 1 इब्राहिम पुत्र अब्दुल वजीद नि0 ग्राम करनपुर मस्जिद के पास थाना डिलारी मुरादाबाद 2. नाजिम पुत्र अब्दुल रसीद नि0 घोसियान मस्जिद के निकट ईदगाह रोड कस्बा व थाना ठाकुरद्वारा,मुरादाबाद को मय 20 ली0 अवैध अपमिश्रित शराब व एक प्लास्टिक की बाल्टी,मग व 500gm यूरिया व प्लास्टिक की करीब 50 नग पन्नी सहित गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना डिलारी पर मु0अ0सं0- 241/23 धारा- 60 आबकारी अधि0 व 272/273 भादवि पंजीकृत किया गया।